# जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद महराजगंज की ग्रामीण पेयजल योजनाओं की स्वीकृति हेतु 17.03.2023 को जिलाधिकारी महराजगंज/अध्यक्ष DWSM की अध्यक्षता में आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु फेज–3 में चयनित फर्म मे0 रिथविक कोया (जे.वी.) प्लाट नं0– 37.39 नवोदया कालोनी, रोड नं0–2, बंजारा हिल हैदराबाद, तेलंगाना द्वारा प्रस्तुत 2 नग डी0पी0आर के तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृत हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव:–

जनपद महराजगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप पेयजल योजना के निर्माण एवं संचालन/अनुरक्षण (10 वर्ष) हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा फेज–3 हेतु फर्म मे0 रिथविक कोया (जे.वी.) प्लाट नं0 37–39 नवोदया कालोनी, रोड नं0–2, बंजारा हिल हैदराबाद, तेलंगाना को 648 राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है। जिसके सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदनोपरान्त राजस्व ग्रामों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में जल जीवन मिशन फेज–3 अन्तर्गत 645 राजस्व ग्रामों के 378 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये जा चुकें है।

वर्तमान में फेज–3 अन्तर्गत फर्म मे0 रिथविक कोया (जे.वी.) द्वारा 2 नग डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये गये जिसमें 2 ग्राम पंचायतों के 2 राजस्व ग्रामों की कुल 6 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुए कुल 949 घरो को FHTC प्रदान किया जाना है।

उक्त फेज–3 अन्तर्गत समस्त डी0पी0आर0 प्रति व्यक्ति लागत अनुमन्य सीमा रू0 6400 प्रति व्यक्ति के अन्तर्गत है।

बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/सदस्य सचिव जिला पेयजल स्वच्छता मिशन समिति द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 अन्तर्गत प्रस्तुत किये गये 2 नग डी0पी0आर0 विद्युत आधारित है।

इसी प्रकार अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 344/W-17/2020-21 दिनांक 04जून,2021 (छाया प्रति संलग्न) के अनुसार विद्युत से संचालित नलकूप के प्रकरण में 16 घंटे Pumping Hours मानते हुये डी0पी0आर0 का विरचन किया गया है व वर्तमान में जनसंख्या वृद्धि हेतु यथा संशोधित निर्देशों के क्रम में अनुमन्य सीमा 80 प्रतिशत के स्थान पर 60 प्रतिशत की सीमा के अनुसार डी0पी0आर0 का विरचन किया गया है। उक्त समस्त डी0पी0आर0 में कार्यालय ज्ञाप संख्या 1499/E-46/2021 दिनांक 12 फरवरी, 2021 (छाया प्रति संलग्न) के अनुसार DI/ HDPE Pipe का प्राविधान किया गया है। **अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त डी0पी0आर0 में लगायी गयी दरें जल निगम की अन्तिम SOR (2019-20) की दरों से लगभग 10-20% तक अधिक है।** दिनांक 12.04.2022 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में सम्बन्धित ग्राम पंचायत (ग्राम प्रधान/सचिव) से इस विषय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है कि इण्डेक्स प्लान के अनुसार ग्राम में कोई भी क्षेत्र पेयजल की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा, अर्थात शतप्रतिशत बस्तियों को पाइप पेयजल से संतृप्त करने हेतु सम्मिलित कर लिया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

निर्णयः— अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, महराजगंज द्वारा फेज–3 अन्तर्गत 2 ग्राम पंचायतों के 3 राजस्व ग्रामों की कुल 6 बस्तियों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु 2 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से करने हेतु अनुमोदन पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। साथ ही अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 882 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष वर्तमान तक कुल 412 ग्राम पंचायतें (वर्तमान में नगरीय क्षेत्र में परिवर्तित 3 ग्राम पंचायतें जिनमें कार्य प्रगति पर है को सम्मिलित करते हुये) चयनित 7 सूचीबद्ध इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) को आवंटित किया जा चुका है अवशेष 473 ग्राम पंचायतों को 7 इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) को क्रमशः (1) डेवलपमेन्ट आफ इको फ्रेडली हैण्डीक्राफ्ट एण्ड एप्रोपिएट टेक्नोलाजी सोसाईटी (देहात) अबू बाजार, जनपद–गोरखपुर को 91 ग्राम पंचायते (2) कृष्णा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान 24/91 रामजी लाल मार्ग, अबुबकर नगर, जनपद–देवरिया को 77 ग्राम पंचायते (3)दुलारी सेवा संस्थान, ग्राम– शाहपुर,पोस्ट– कुशीनगर, जनपद– कुशीनगर को 77 ग्राम पंचायतें (4)लोक प्रयास सोसाइटी, वैभव नगर राजेन्द्र नगर (पश्चिमी), गोरखनाथ, जनपद–गोरखपुर को 75 ग्राम पंचायतें (5) बाबा रामकरनदास ग्रामीण विकास समिति सिकटौर बाजार, पोस्ट–मानिराम, जनपद गोरखपुर को 52 ग्राम पंचायतें (6)आर्यावर्त सेवा एवं विकास संस्थान, मानस बिहार श्रीपुरा, आलमबाग रोड, जनपद–लखनऊ को 54 ग्राम पंचायतें (7)आनन्द ग्रामोद्योग ग्राम–बेईली खुर्द, पोस्ट–मोकारीमपुर, जनपद–गोरखपुर को 47 ग्राम पंचायतें आवंटित किये जाने का निर्णय सर्वसहमति से लिया गया तथा अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव को सूचीबद्ध इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (ISA) के साथ अनुबन्ध गठन हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
महराजगंज

जिला विकास अधिकारी
महराजगंज

20/03/2023
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
महराजगंज

जिला कृषि अधिकारी
महराजगंज

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी
महराजगंज

20/03/2023
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड प्रथम
महराजगंज

22/03/23
परियोजना निदेशक
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण
महराजगंज

मुख्य चिकित्साधिकारी
महराजगंज

प्रभागीय वनाधिकारी
महराजगंज

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष DWSM
महराजगंज

जिलाधिकारी/अध्यक्ष DWSM
महराजगंज

Scanned with OKEN Scanner